Q.65 एक साइकिल चालक 3 घंटे में 120 km की दूरी तय करता है, 1 घंटे विश्राम करता है, और फिर 2 घंटे में 80 km की अतिरिक्त दूरी तय करता है। संपूर्ण यात्रा के लिए साइकिल चालक की औसत चाल निर्धारित करने हेतु, निम्नलिखित में से किन राशियों का उपयोग किया जाना चाहिए?

Ans
✓ 1. तय की गई कुल दूरी / कुल समय
✗ 2. कुल विस्थापन / कुल समय
✗ 3. एक निश्चित दिशा में तय दूरी / समय
✗ 4. वेग में परिवर्तन / कुल समय

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.66 आधार के समानांतर एक समतल, 40 cm ऊंचाई वाले शंकु को दो भागों में विभाजित करता है। यदि बने हुए छोटे ऊपरी शंकु का आयतन, मूल शंकु के आयतन का 1/64 है, तो शंकु के आधार से समतल की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 10 cm
✓ 2. 30 cm
✗ 3. 40 cm
✗ 4. 20 cm

Q.67 अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार, औद्योगिक कार्यस्थलों में आपातकालीन निकास संकेतों के साथ सार्वभौमिक रूप से कौन-सा रंग जुड़ा हुआ है?

Ans
✗ 1. लाल पृष्ठभूमि पर सफेद टेक्स्ट या प्रतीक
✗ 2. पीली पृष्ठभूमि पर काले टेक्स्ट या प्रतीक
✗ 3. नीली पृष्ठभूमि पर सफेद टेक्स्ट या प्रतीक
✓ 4. हरी पृष्ठभूमि पर सफेद टेक्स्ट या प्रतीक

Q.68 एक प्रश्न और उसके बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथन में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

5 छड़ों, B, U, N, M और D में से, जहाँ सभी की लंबाई अलग-अलग है, सबसे छोटी छड़ कौन-सी है?
(I) D, U से छोटी है। M, B से छोटी है।
(II) M, D से बड़ी है।

Ans
✗ 1. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
✓ 2. कथन I और II एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
✗ 3. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
✗ 4. कथन I और II एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Q.69 चीनी की कीमत में 20% की वृद्धि हुई है। मनोज अपनी आय से चीनी पर होने वाले व्यय में केवल 15% की वृद्धि कर सकता है। अपने व्यय को संतुलित करने के लिए, उसे चीनी की खपत में कितने प्रतिशत की कमी करनी चाहिए?

Ans
✗ 1. $5\frac{1}{3}\%$
✓ 2. $4\frac{1}{6}\%$
✗ 3. 6.5%
✗ 4. 5%

Q.70 एक व्यापारी ₹2,750 में एक मेज खरीदता है। वह पहले उस पर 28% की वृद्धि करके मूल्य अंकित करता है, फिर ग्राहक को 12% की छूट देता है। यदि ग्राहक विक्रय मूल्य पर 5% GST का भी भुगतान करता है, तो व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ प्रतिशत (GST को छोड़कर) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 10.36 %
✗ 2. 15.12 %
✓ 3. 12.64 %
✗ 4. 13.81 %

Q.71 संख्याओं का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, सह-अभाज्य है?

Ans
✗ 1. (21, 33)
✓ 2. (17, 54)
✗ 3. (28, 49)
✗ 4. (14, 28)

Q.72 एक साइकिल सवार 60 मीटर उत्तर की ओर, फिर 80 मीटर दक्षिण की ओर और अंत में 70 मीटर उत्तर की ओर साइकिल चलाता है। साइकिल सवार द्वारा तय की गई कुल दूरी कितनी है?

Ans
✗ 1. 10 मीटर
✓ 2. 210 मीटर
✗ 3. 60 मीटर
✗ 4. 150 मीटर

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary**

Q.73 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 12 का संबंध 1730 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 13 का संबंध 2199 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 11 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✗ 1. 1433
✗ 2. 1443
✓ 3. 1333
✗ 4. 1543

Q.74 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह तय करना है कि कौन-से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी रग, पंखे हैं।
कोई भी पंखा, कार नहीं है।

निष्कर्ष (I) : कुछ रग, कारें हैं।
निष्कर्ष (II) : कुछ पंखें, रग हैं।

Ans
✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✓ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.75 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, वाहन में चालमापी के कार्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. यह वाहन द्वारा तय की गई कुल दूरी को मापता है
✓ 2. यह उस वर्तमान चाल को प्रदर्शित करता है जिस पर वाहन गतिमान है
✗ 3. यह वाहन की चाल में परिवर्तन की दर को दर्शाता है
✗ 4. यह यात्रा के लिए औसत चाल की गणना करता है

Q.76 ₹5,70,000 की धनराशि पर 10% वार्षिक ब्याज दर से 1.5 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए, जहां ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है।

Ans
✗ 1. ₹92,846.25
✓ 2. ₹89,846.25
✗ 3. ₹88,846.25
✗ 4. ₹89,946.25

Q.77 सात बक्से S, T, U, V, W, X और Y एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। U को ऊपर से ठीक तीसरे स्थान पर रखा गया है। U और T के बीच केवल एक बक्सा रखा गया है। W को T के ठीक ऊपर रखा गया है। X और S के बीच केवल तीन बक्से रखे गए हैं। V को Y के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। U और S के बीच केवल दो बक्से रखे गए हैं। ऊपर से दूसरे स्थान पर कौन-सा बक्सा रखा गया है?

Ans
✗ 1. T
✓ 2. X
✗ 3. U
✗ 4. V

Q.78 कामगारों को संभावित खतरों से सचेत करने के लिए चेतावनी संकेतों में मुख्य रूप से किस रंग का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. नीले पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट
✗ 2. हरे पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट
✓ 3. पीले पृष्ठ पर काले प्रतीक या टेक्स्ट
✗ 4. लाल पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.79 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A − B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'सतीश + दीप × पीयूष – हितेश % मयंक' है, तो सतीश का मयंक से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पिता के भाई की पत्नी की बहन
✗ 2. माता के भाई की पत्नी की बहन
✓ 3. पिता के भाई की पत्नी की माता
✗ 4. माता के भाई की पत्नी की माता

Q.80 एक 42-लीटर विलयन में चीनी और पानी का अनुपात 2 : 5 है। यदि वाष्पीकरण के कारण विलयन का आयतन 35% कम हो जाता है और केवल पानी वाष्पित होता है, तो चीनी और पानी का नया अनुपात कितना होगा?

Ans
✗ 1. 51 : 42
✓ 2. 40 : 51
✗ 3. 31 : 50
✗ 4. 40 : 41

Q.81 एक क्रेन 200 kg के लोड को 10 सेकंड में 15 मीटर की ऊंचाई तक उठाती है। गुरुत्वीय त्वरण को 10 m/s^2 और ऊर्जा हानि को नगण्य मानते हुए, इस क्रिया के दौरान क्रेन का शक्ति आउटपुट कितना होगा?

Ans
✗ 1. 2000 W
✗ 2. 1500 W
✗ 3. 1000 W
✓ 4. 3000 W

Q.82 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करते है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

ZOT - TLP
NIL - HFH

Ans
✗ 1. VZZ - BCD
✗ 2. ABD - VZZ
✓ 3. BCD - VZZ
✗ 4. BOC - VZT

Q.83 सात बॉक्स, P, Q, S, T, U, V, और W, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। T और P के बीच ठीक दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल Q को U के ऊपर रखा गया है। P के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। S को W के नीचे लेकिन V के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। दी गई जानकारी के आधार पर, किस बॉक्स को V के ऊपर तीसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans
✗ 1. T
✗ 2. P
✗ 3. S
✓ 4. W

Q.84 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, WAN की विशेषता का सही वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. WAN, 1 से 2km के रेडियस में डिवाइस को कनेक्ट करने तक ही सीमित हैं
✗ 2. WAN सामान्यतः दूरस्थ LAN को कनेक्ट करने के लिए केवल वायरलेस मीडिया का उपयोग करते हैं
✓ 3. WAN को वायर्ड या वायरलेस लिंक के माध्यम से अनेक LAN को कनेक्ट करके बनाया जा सकता है
✗ 4. WAN हमेशा पब्लिक नेटवर्क होते हैं जिन्हें केवल इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर (ISP) मैनेज करते हैं

Q.85 व्यावसायिक सुरक्षा में शब्द 'HAZOP' का पूर्ण रूप क्या होता है?

Ans
✗ 1. Hazardous Operation Standard (हैज़र्डस ऑपरेशन स्टैंडर्ड)
✓ 2. Hazard and Operability Study (हैज़र्ड एंड ऑपरेबिलिटी स्टडी)
✗ 3. Hazardous Operations Safety (हैज़र्डस ऑपरेशन्स सेफ़्टी)
✗ 4. Handling and Organizing Safety (हैंडलिंग एंड ऑर्गेनाइजिंग सेफ्टी)

Blackbook
Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.86 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. IT – KV
✗ 2. DG – EH
✗ 3. KE – LF
✗ 4. SJ – TK

Q.87 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
11, 22, 44, 88, 176, ?

Ans
✗ 1. 342
✓ 2. 352
✗ 3. 358
✗ 4. 356

Q.88 एक ठोस लंब वृत्तीय शंकु 7 cm ऊँचा है, तथा इसके आधार की त्रिज्या 22.2 cm है। इसे पिघलाकर एक लंब वृत्तीय शंकु बनाया जाता है, जिसकी आधार त्रिज्या 3.7 cm है। तब शंकु की ऊँचाई (cm में) ______ है।

Ans
✗ 1. 159
✗ 2. 267
✓ 3. 252
✗ 4. 185

Q.89 एक वस्तु ₹300 में खरीदी जाती है और उसका मूल्य 5.5% बढ़ा दिया जाता है। तत्पश्चात, परिणामी मूल्य में 8% की कमी कर दी जाती है। अंतिम विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹288.24
✓ 2. ₹291.18
✗ 3. ₹284.45
✗ 4. ₹296.46

Q.90 एक तकनीशियन को रूम हीटर के लिए फ्यूज तार का चयन करना है। विद्युत धारा के तापन प्रभाव के आधार पर सुरक्षा के लिए किस गुणधर्म को सबसे महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए?

Ans
✗ 1. फ्यूज तार के चिरस्थायित्व के लिए उच्च गलनांक होना चाहिए।
✓ 2. अतिरिक्त धारा के दौरान परिपथ को विच्छेदित करने के लिए फ्यूज तार का गलनांक निम्न होना चाहिए।
✗ 3. दक्ष शीतलन के लिए फ्यूज तार का पृष्ठ चमकदार होना चाहिए।
✗ 4. पिघलने से रोकने के लिए फ्यूज तार को उच्च प्रतिरोध वाला और मोटा होना चाहिए।

Q.91 परिसीमित (confined) स्थानों में वायु में तैरते रासायनिक कणों से जुड़े कार्यों के लिए किस प्रकार के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण सर्वाधिक उपयुक्त होते हैं?

Ans
✗ 1. रसायन-रोधी दस्तानों का उपयोग करके हाथों की सुरक्षा
✓ 2. श्वसन सुरक्षा उपकरण जैसे कि हाफ-फेस मास्क
✗ 3. औद्योगिक-ग्रेड हार्ड हैट के साथ सिर की सुरक्षा
✗ 4. ज्वाला-मंदक सूट के साथ शारीरिक सुरक्षा

Q.92 एक व्यक्ति के वेतन में तीन क्रमागत वर्षों में क्रमशः 10%, 20% और 25% की वृद्धि होती है। तीसरे वर्ष के अंत में, वेतन में कुल प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 50%
✓ 2. 65%
✗ 3. 60%
✗ 4. 30%

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.93 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप तीसरी संख्या प्राप्त होती है और यह क्रम इसी प्रकार आगे भी जारी रहता है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न के समुच्चयों में अपनाई गई संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?
(**नोट**: गणितीय संक्रियाएं, संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

6 – 16 – 23 – 32; 7 – 19 – 26 – 35

Ans
✓ 1. 12 – 34 – 41 – 50
✗ 2. 8 – 22 – 15 – 24
✗ 3. 11 – 31 – 38 – 29
✗ 4. 4 – 14 – 21 – 30

Q.94 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, इंजीनियरिंग ड्राइंग में प्रयुक्त त्रिभुज का सटीक वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. त्रिभुज की सभी भुजाओं की लंबाई सदैव बराबर होनी चाहिए।
✗ 2. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसकी तीनों भुजाएँ वक्रित होती हैं।
✗ 3. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसमें चार सीधी भुजाएँ और चार कोण होते हैं।
✓ 4. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसमें तीन सीधी भुजाएँ और तीन कोण होते हैं।

Q.95 कम्प्यूटिंग में CPU का पूर्ण रूप क्या है?

Ans
✗ 1. Computer Processing Unit (कंप्यूटर प्रोसेसिंग यूनिट)
✓ 2. Central Processing Unit (सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट)
✗ 3. Control Processing Unit (कंट्रोल प्रोसेसिंग यूनिट)
✗ 4. Core Processing Unit (कोर प्रोसेसिंग यूनिट)

Q.96 किसी तार में एक निश्चित समय तक विद्युत धारा प्रवाहित होने पर उसमें उत्पन्न ऊष्मा की मात्रा में कौन-सा कारक वृद्धि करता है?

Ans
✓ 1. तार के प्रतिरोध में वृद्धि करना
✗ 2. तार में धारा को कम करना
✗ 3. तार की लंबाई कम करना
✗ 4. तार को मोटा बनाना

Q.97 निम्नलिखित में कौन-सा, इंजीनियरिंग ड्राइंग में सम्मुख दृश्य (front view) का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans
✓ 1. यह सामने से देखने पर वस्तु की ऊंचाई और चौड़ाई को दर्शाता है
✗ 2. यह वस्तु का केवल निचले या दाएं पार्श्व को दर्शाता है
✗ 3. यह वस्तु की केवल एक विमा को दर्शाता है
✗ 4. यह पार्श्व से देखने पर वस्तु की गभीरता और ऊंचाई को दर्शाता है

Q.98 कुछ रासायनिक प्रशीतक-द्रव्यों को प्रतिबंधित करने से ओजोन परत को होने वाली क्षति में प्रभावी रूप से कमी क्यों आती है?

Ans
✗ 1. प्रशीतक-द्रव्यों में ऐसे कण होते हैं जो हानिकारक UV प्रकाश को अवशोषित करते हैं।
✓ 2. प्रशीतक-द्रव्य ऐसे पदार्थ मुक्त करते हैं जो ओजोन विघटन को उत्प्रेरित करते हैं।
✗ 3. प्रशीतक-द्रव्य, ग्रीनहाउस गैसें उत्सर्जित करते हैं जो समतापमंडल को गर्म करती हैं।
✗ 4. प्रशीतक-द्रव्य, ऑक्सीजन उत्पादन को बढ़ाते हैं, जिससे ओजोन पुनःप्राप्ति में सहायता मिलती है।

Q.99 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1 2 7 20 61 ?

Ans
✗ 1. 181
✓ 2. 182
✗ 3. 183
✗ 4. 185

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.100 मान लीजिए C एक वृत्त है, तथा AB और DE वृत्त C पर दो जीवाएँ इस प्रकार हैं कि AB = BE है। चतुर्भुज ABED में, मान लीजिए AE और BD, F पर प्रतिच्छेद करते हैं, ∠DBE = 55° और ∠BAE = 40° है। ∠FED ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 45°
✗ 2. 60°
✗ 3. 55°
✗ 4. 110°

Section : Part B (Mechanic Diesel)

Q.101 निम्नलिखित में से कौन-सी मरम्मत क्रिया, स्टार्टर मोटर में क्षतिग्रस्त कम्यूटेटर में सुचारु धारा अंतरण को पुनर्स्थापित करने से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित है?

Ans
✗ 1. कसाव (Tightening)
✓ 2. रीग्राउंडिंग (Regrounding)
✗ 3. स्नेहन (Lubricating)
✗ 4. रिवाइंडिंग (Rewinding)

Q.102 बाह्य कैलिपरों द्वारा फोर्जित घटक (forged component) की बाहरी जांच करते समय, कौन-सी प्रक्रिया विश्वसनीय परिणाम सुनिश्चित करती है?

Ans
✓ 1. उपयोग से पूर्व कैलिपर का किसी ज्ञात मानक पर शून्यन करना
✗ 2. प्रत्येक मापन के बाद टूल का पुनःअंशांकन करना
✗ 3. कैलिपर पैमाने से सीधे ही मान पढ़ना
✗ 4. संपर्क सुनिश्चित करने के लिए अत्यधिक बल अनुप्रयुक्त करना

Q.103 घटकों का निम्न में से कौन-सा संयोजन, एक वर्नियर कैलिपर को आंतरिक और बाह्य दोनों विमाओं को यथार्थ रूप से मापने की सुविधा देता है?

Ans
✗ 1. लॉकिंग स्क्रू और मुख्य स्केल
✗ 2. गहराई मापने वाला ब्लेड और मुख्य स्केल
✓ 3. फिक्स्ड जॉ, मूवेबल जॉ और वर्नियर स्केल
✗ 4. फिक्स्ड जॉ और लॉकिंग स्क्रू

Q.104 कौन-सी विशेषता टेपर रीमर (taper reamer) को स्ट्रेट रीमर (straight reamer) से पृथक करती है?

Ans
✗ 1. टेपर रीमर में तीव्र कर्तन के लिए क्रकचित दंत होते हैं
✓ 2. टेपर रीमर के कोर आवश्यक टेपर के अनुरूप होते हैं
✗ 3. टेपर रीमर में फ्लूट की संख्या सदैव अधिक होती है
✗ 4. टेपर रीमर के हत्थे सदैव लंबे होते हैं

Q.105 एक तकनीशियन, उच्च-गति वाली मशीन पर बोल्टेड असेंबली में कंपन द्वारा प्रेरित श्लथन को रोकना चाहता है। इस स्थिति के लिए किस प्रकार का वॉशर उपयुक्त है?

Ans
✓ 1. स्प्रिंग लॉक वॉशर
✗ 2. प्लेन वॉशर
✗ 3. टेपर वॉशर
✗ 4. फ्लैट वॉशर

Q.106 एक डीजल मैकेनिक से यह प्रश्न पूछा जाता है कि पेट्रोल इंजनों के लिए कार्बुरेटर (carburetors) क्यों अनिवार्य हैं, लेकिन मानक डीजल इंजनों में इनका उपयोग क्यों नहीं किया जाता है? कार्य सिद्धांत के आधार पर, इसकी सर्वोत्तम व्याख्या क्या है?

Ans
✗ 1. कार्बूरेटर केवल डीजल इंजनों के लिए रेचन उत्सर्जन को समायोजित करते हैं
✗ 2. कार्बुरेटर डीजल इंजनों में ईंधन कणीकरण बढ़ाते हैं
✗ 3. कार्बुरेटर दोनों इंजन प्रकारों में इंजन शीतलन को नियंत्रित करते हैं
✓ 4. कार्बुटर पेट्रोल इंजनों में आवश्यक वायु-ईंधन मिश्रण बनाते हैं

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.107 किसी चालक में धारा बढ़ाने से उत्पन्न ऊष्मा में वृद्धि होती है, क्योंकि ऊष्मा ________ के समानुपाती होती है।

Ans
✗ 1. केवल प्रतिरोध
✗ 2. धारा
✗ 3. केवल वोल्टता
✓ 4. धारा के वर्ग

Q.108 कौन-सा कारक, डीजल इंजन में दहन की पूर्णता को सबसे अधिक प्रभावित करता है?

Ans
✗ 1. इंजन की बैटरी की स्थिति
✗ 2. ईंधन की ऑक्टेन संख्या
✗ 3. उच्च वोल्टता की आवृत्ति
✓ 4. वायु और ईंधन का मिश्रण

Q.109 कौन-सी स्थिति, डीजल इंजन में इंजन के तेल के दाब को कम कर सकती है?

Ans
✓ 1. सम्प में अपर्याप्त तेल स्तर
✗ 2. अत्यधिक दाब दर्शाने वाला तेल दाब प्रमापी
✗ 3. तेल दाब विमोचन वाल्व का बंद रहना
✗ 4. तेल की अनुशंसित से अधिक श्यानता

Q.110 एक हाइड्रोलिक प्रणाली में, एक पंप को सिलिंडर से संयोजित करते समय गैर-प्रत्यागामी वाल्व का उपयोग क्यों किया जाता है?

Ans
✗ 1. संयोजनों के बीच क्षरण को कम करने के लिए
✗ 2. दोनों दिशाओं में तरल प्रवाह को सक्षम करने के लिए
✗ 3. केवल सिलेंडर में दाब बढ़ाने के लिए
✓ 4. यह सुनिश्चित करने के लिए कि एक तरफा तरलीय प्रवाह हो और कोई प्रतिवाह न हो

Q.111 दो शैफ्टों की तुलना करने के लिए बाह्य कैलीपर का उपयोग करने के दौरान सर्वोत्तम विधि क्या है?

Ans
✗ 1. कैलिपर का उपयोग करने के बाद नेत्र द्वारा आकलन करें
✓ 2. कैलिपर को एक शैफ्ट पर सेट करें और दूसरे की जाँच करें
✗ 3. दोनों शैफ्ट की एक साथ माप करें
✗ 4. दोनों शैफ्ट के लिए भीतरी कैलिपर का उपयोग करें

Q.112 इंजीनियरिंग ड्राइंग डाइमेंशनिंग में ________________ के साथ विस्तार रेखाओं का उपयोग किया जाता है।

Ans
✗ 1. कर्तित सादी रेखाओं (Cutting plane lines)
✗ 2. अप्रत्यक्ष रेखाओं (Hidden lines)
✗ 3. सीमांत रेखाओं (Border lines)
✓ 4. विमांकन रेखाओं (Dimension lines)

Q.113 किसी नई औद्योगिक साइट की योजना बनाते समय, इंजीनियरों को आंतरिक वस्तुओं की ढुलाई के लिए वाहनों का चयन करना आवश्यक होता है। यदि सुरक्षा और कुशलनीयता दोनों प्राथमिकताएं हैं, तो पहियों के आधार पर वाहनों का कौन-सा वर्गीकरण सर्वाधिक उपयुक्त है?

Ans
✗ 1. छह-पहिया आर्टिकुलेटेड ट्रक
✗ 2. दो-पहिया हैंड ट्रॉली
✓ 3. चार-पहिया इलेक्ट्रिक कार्ट
✗ 4. मिश्रित टायरों वाला तीन-पहिया स्कूटर

Q.114 फ्लाईव्हील, अन्य इंजन उपांगों के संचालन में किस प्रकार योगदान देता है?

Ans
✗ 1. वाल्व संचालन को नियंत्रित करके
✓ 2. माउंटिंग पृष्ठ प्रदान करके
✗ 3. ईंधन का निस्यंदन करके
✗ 4. स्नेहक को शीतल करके

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.115 किसी औद्योगिक इंजन में, शीतलन जल का तापमान अचानक सामान्य से अधिक बढ़ जाता है, लेकिन तेल के दाब और तेल के प्रवाह में कोई परिवर्तन नहीं होता है। यह स्थिति इंजन के तेल का तापमान नियंत्रित करने की तेल शीतलक की क्षमता को कैसे प्रभावित करती है?

Ans
✗ 1. तेल शीतलक, अधिक ताप विनिमय दर के कारण तेल को तेजी से ठंडा करता है
✗ 2. तेल शीतलक, स्वचालित रूप से क्षतिपूर्ति करता है, जिससे तेल का तापमान स्थिर रहता है
✗ 3. तेल शीतलक, जल का दाब बढ़ाकर तेल का तापमान बनाए रखता है
✓ **4. तेल शीतलक, कम प्रभावी हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप तेल का तापमान बढ़ जाता है**

Q.116 डीजल इंजन सिलेंडर हेड (cylinder head) का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans
✗ 1. क्रैंकशैफ्ट को ड्राइव करना
✗ 2. पिस्टन को स्नेहन प्रदान करना
✓ **3. दहन कक्ष को सील करना**
✗ 4. ईंधन की आपूर्ति करना

Q.117 किस वाहन बॉडी वर्गीकरण में एक स्थिर छत, मध्यम यात्री क्षमता और सामान रखने के लिए एक अलग कंपार्टमेंट होता है, जिसका उपयोग सामान्यतः एक पारिवारिक कार के रूप में किया जाता है?

Ans
✗ 1. हैचबैक
✓ **2. सेडान**
✗ 3. कन्वर्टिबल
✗ 4. वैन

Q.118 प्रचालन के दौरान क्रैंकशाफ्ट, इंजन का संतुलन बनाए रखने में किस प्रकार से सहायक होता है?

Ans
✗ 1. ईंधन अतःक्षेपण में वृद्धि करके
✓ **2. प्रतितोलक भारों का उपयोग करके**
✗ 3. रेचन गैसों में कमी करके
✗ 4. वाल्व समयन को नियंत्रित करके

Q.119 डीजल इंजन में क्रैंकशाफ्ट का कौन-सा पार्ट, कनेक्टिंग रॉड से जुड़ा होता है?

Ans
✓ **1. क्रैंकपिन (Crankpin)**
✗ 2. मेन जरनल (Main journal)
✗ 3. फ्लाईव्हील (Flywheel)
✗ 4. फ्लैंज (Flange)

Q.120 हाइड्रोलिक इलेक्ट्रॉनिक यूनिट इंजेक्टर (HEUI) सिस्टम में निम्न तेल दाब का प्रमुख निदानार्थ संकेत (diagnostic sign) क्या है?

Ans
✗ 1. उच्च रेचन ताप (exhaust temperature)
✓ **2. इंजन में अविस्फोटन (misfire) या रुक्ष चालन**
✗ 3. तीव्र ईंधन खपत (consumption) दर
✗ 4. समय क्रम श्रृंखला (Timing chain) की रैटल रव

Q.121 एक स्वचालित कर्तन मशीन को डिजाइन करते समय, जिसमें दोनों तरफ से सटीक ब्लेड की स्थिति की आवश्यकता होती है, एकल-सिरा सिलिंडर की तुलना में द्वि-सिरा सिलिंडर को क्यों प्राथमिकता दी जाती है?

Ans
✗ 1. यह प्रत्येक पक्ष के लिए अलग-अलग सिलिंडर आकारों के उपयोग की सुविधा देता है
✗ 2. संरेखण के लिए इसमें अधिक मैन्युअल समायोजन की आवश्यकता होती है
✗ 3. यह अलग-अलग सिलिंडरों के साथ तुल्यकालन को आसान बनाता है
✓ **4. यह यथार्थता के लिए बल और संचलन को द्विपक्षीय रूप से संतुलित करता है**

Q.122 बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ________ द्वारा निरूपित किया जाता है।

Ans
✗ 1. $2\pi rh$
✗ 2. $\pi r^2 h$
✓ **3. $2\pi r(h + r)$**
✗ 4. $4\pi r^2$

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary**
GET IT ON Google Play

Q.123 इंडक्शन मैनिफोल्ड (induction manifold) को दोबारा लगाने के बाद, एक इंजन में अनियमित निष्कर्मण (erratic idling) और अत्यधिक धुआं आने की समस्या उत्पन्न होती है। डीजल इंडक्शन प्रणाली के कार्य-संचालन के संबंध में सबसे पहले किसका मूल्यांकन किया जाना चाहिए?

Ans
✗ 1. दहन दक्षता को अनुकूलित करने के लिए समय को समायोजित करें
✓ 2. मैनिफोल्ड एयर लीक की जांच करें जो वायु आपूर्ति की निरंतरता को प्रभावित करते हैं
✗ 3. उचित सीटिंग और गतिविधि के लिए इनटेक वाल्व का निरीक्षण करें
✗ 4. अप्रतिबंधित इनटेक प्रवाह को पुनः स्थापित करने के लिए एयर क्लीनर को साफ करें

Q.124 समुद्री इंजनों के ऊष्मा विनिमय शीतलन प्रणाली में, निम्नलिखित में से कौन-सा क्रम, प्रसारी टंकी छोड़ने के बाद शीतलक प्रवाह का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. कीलिंग कॉइल से, फिर इंजन, और फिर प्रसारी टंकी तक
✗ 2. इंजन पर सीधे, फिर तेल शीतलक, फिर क्रोड
✗ 3. रेचन-बहुमुखक से, फिर तेल शीतलक, फिर क्रोड
✓ 4. क्रोड के परितः, तेल शीतलक, इंजन शीतलक पंप इनलेट

Q.125 वेल्डिंग के दौरान, एक ऑपरेटर देखता है कि चिंगारियां निकटवर्ती विद्युत एक्सटेंशन बोर्ड की तरफ उड़ रही हैं। इस क्रिया के दौरान विद्युत संबंधी जोखिमों को न्यूनतम करने के लिए क्या किया जाना चाहिए?

Ans
✗ 1. विद्युत बोर्ड को उसकी वर्तमान स्थिति में छोड़ दें
✗ 2. विद्युत एक्सटेंशन बोर्ड पर नम कपड़ा रखें
✓ 3. एक्सटेंशन बोर्ड को जोखिमपूर्ण क्षेत्र से बाहर ले जाकर रखें
✗ 4. धातु के कवर का उपयोग करके एक्सटेंशन बोर्ड को शील्ड करें

Q.126 वाष्पनिक उत्सर्जन नियंत्रण तंत्र का मुख्य कार्य क्या है?

Ans
✓ 1. यह वायुमंडल में ईंधन वाष्पों को प्रवेश करने से रोकता है
✗ 2. यह टायरों के निष्पादन और ग्रिप में सुधार करता है
✗ 3. यह वाहन की समग्र ईंधन खपत में वृद्धि करता है
✗ 4. यह इंजन के प्रचालन ताप में वृद्धि करता है

Q.127 एक मैकेनिक उस वाहन में इग्निशन कुंजी टर्न करता है, जिसमें विद्युतीय ईंधन पंप लगा हुआ है। उस क्षण पंप पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans
✓ 1. इग्निशन के तुरंत बाद पंप प्रचालित करना शुरू करता है
✗ 2. इंजन के पूर्ण रूप से गर्म होने के बाद पंप चालू हो जाता है
✗ 3. ईंधन का दाब गिरने के बाद पंप चालू हो जाता है
✗ 4. जब वाहन चलना शुरू करता है तो पंप चालू हो जाता है

Q.128 वर्नियर कैलिपर (Vernier caliper) के किस भाग का उपयोग छिद्र की गभीरता मापने के लिए किया जाता है?

Ans
✓ 1. गभीरता मापन ब्लेड (depth measuring blade)
✗ 2. मुख्य पैमाना (main scale)
✗ 3. स्थिर जबड़ा (fixed jaw)
✗ 4. पाशन पेंच (locking screw)

Q.129 निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य एक ITI कार्यशाला में वायर ब्रश के सही उपयोग को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करता है?

Ans
✗ 1. पाइप की लंबाई को परिशुद्धता से मापना
✓ 2. स्क्राइबर का उपयोग करने से पहले धातु के पाइप को साफ करना
✗ 3. परिसज्जन के लिए धातु के पाइप को पेंट करना
✗ 4. माप कार्यों के लिए धातु के पाइप को काटना

Q.130 ऐसे परिदृश्य में जहां समतलता और न्यूनतम सामग्री निष्कासन दोनों महत्वपूर्ण हैं, एक यौगिक का चयन करते समय किस लैपन अपघर्षक गुण (lapping abrasive trait) को प्राथमिकता दी जानी चाहिए?

Ans
✗ 1. उच्च प्रारंभिक कठोरता
✗ 2. रासायनिक जड़ता
✓ 3. नियंत्रित अपघर्षक चूर्णशीलता
✗ 4. उच्च ऊष्मा चालकता

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.131 क्रियाओं का कौन-सा संयोजन, शीतलक प्रवाह की समस्याओं के कारण इंजन के अतितापन को रोकने में मदद करती है?

Ans ✓ 1. शीतलन तंत्र को फ्लश करना और थर्मोस्टेट (thermostat) को बदलना

✗ 2. इंजेक्टर के दाब को समायोजित करना और एयर इनटेक को साफ करना

✗ 3. रेचन-बहुमुखक गैस्केट को बदलना और काल मापन (timing) की जांच करना

✗ 4. बेहतर दहन के लिए ईंधन के प्रकार को बदलना

Q.132 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, इंजीनियरिंग ड्राइंग में असतत/डैश रेखाओं के उपयोग का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans ✗ 1. विमा और विस्तार रेखाओं को दर्शाना

✗ 2. दृश्य आउटलाइनों और कोरों को निरूपित करना

✗ 3. कर्तित समतलों (cutting planes) को इंगित करना

✓ 4. अप्रत्यक्ष आउटलाइनों और कोरों को इंगित करना

Q.133 आधुनिक डीजल वाहनों में वाहन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा पहलू सबसे महत्वपूर्ण है?

Ans ✗ 1. इंजन के अनुरक्षण और सम्पूर्ण जांच की उपेक्षा करने से उत्सर्जन कम होता है

✗ 2. इंजन के आमाप में वृद्धि करने से डीजल वाहनों में उत्सर्जन स्तर को कम करने में सहायता मिलती है

✓ 3. उचित उत्सर्जन नियंत्रण प्रणालियों के उपयोग से हानिकर रेचन गैसें कम होती हैं

✗ 4.
उच्च-अंश वाले कार्बन जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करने से वाहन उत्सर्जन कम होता है

Q.134 नियमित कार्यशाला अनुरक्षण के दौरान, 80 लीटर प्रयुक्त इंजन तेल एकत्र किया जाता है। यदि प्रत्येक निपटान ड्रम (disposal drum) की अंकित क्षमता 25 लीटर है और विनियमों के अनुसार सुरक्षित परिवहन के लिए ड्रमों को केवल 80 प्रतिशत तक भरा जाना चाहिए, तो कितने ड्रमों की आवश्यकता होगी?

Ans ✓ 1. 4 ड्रम

✗ 2. 3 ड्रम

✗ 3. 5 ड्रम

✗ 4. 6 ड्रम

Q.135 सोलेनॉइड स्विच में पुल-इन वाइंडिंग (pull-in winding) के लिए किस प्रकार का तार प्रयुक्त होता है?

Ans ✗ 1. चांदी का तार

✗ 2. मोटा ऐलुमिनियम तार

✓ 3. कॉपर का मोटा तार

✗ 4. कॉपर का पतला तार

Q.136 इंजीनियरिंग ड्रॉइंग में, एक चतुर्थांश के भीतर दो त्रिज्याएं कितना कोण बनाती हैं?

Ans ✗ 1. 180°

✗ 2. 45°

✗ 3. 360°

✓ 4. 90°

Q.137 हाइड्रोलिक इलेक्ट्रॉनिक यूनिट इंजेक्टर (HEUI) सिस्टम की विश्वसनीयता के लिए कौन-सा अनुरक्षण कार्य महत्वपूर्ण है?

Ans ✗ 1. नियमित रूप से इंजेक्टर नॉजल को साफ करना

✗ 2. नियमित रूप से वायु फिल्टर को प्रतिस्थापित करना

✓ 3. नियमित रूप से इंजन तेल को बदलना

✗ 4. ईंधन फिल्टर को बार-बार साफ करना

Q.138 समान पावर आउटपुट के लिए कौन-सा इंजन सामान्यतः अपेक्षाकृत अधिक कॉम्पैक्ट होता है?

Ans ✓ 1. आंतरिक दहन इंजन

✗ 2. स्टर्लिंग इंजन

✗ 3. बाह्य दहन इंजन

✗ 4. भाप इंजन

Blackbook
Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.139 ऑटोमोटिव अनुप्रयोगों में सीलिंग एलीमेंट (sealing element) के रूप में पेपर गैस्केट (paper gasket) का उपयोग किस परिस्थिति में किया जाता है?

Ans ✓ 1. निम्न दाब वाले सपाट, चिकने पृष्ठों को सील करना
✗ 2. उच्च कंपन वाले क्षेत्रों में असमान, रूक्ष पृष्ठों को सील करना
✗ 3. उच्च-तापमान वाले रेचन-बहुमुखकों को सील करना
✗ 4. भारी तेलों और रसायनों के संपर्क में आने वाले जोड़ों को सील करना

Q.140 निम्नलिखित में से कौन-सा, गोले के संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल को निरूपित करता है?

Ans ✗ 1. πr^2
✗ 2. $3\pi r^2$
✓ 3. $4\pi r^2$
✗ 4. $2\pi r^2$

Q.141 एक मैकेनिक एक आधुनिक डीजल वाहन का निरीक्षण करता है और यह नोटिस करता है कि यात्री सीट के खाली होने पर भी सीट बेल्ट की चेतावनी देने वाली लाइट सक्रिय रहती है। डैशबोर्ड यंत्र की डिजाइन के आधार पर, प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए मैकेनिक को किस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए?

Ans ✗ 1. केवल ख़राब हो चुके सीट बेल्ट सूचक बल्बों की जाँच करना
✗ 2. डैशबोर्ड इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर को तुरंत बदलना
✗ 3. वाहन के ऑनबोर्ड सॉफ्टवेयर प्रणाली को अपडेट करना
✓ 4. सीट वेट सेंसर की वायरिंग में दोषों की जांच करना

Q.142 माइक्रोमीटर के किस पार्ट को उपयोग के बाद मलबा (debris) हटाने के लिए साफ किया जाना चाहिए?

Ans ✗ 1. थिम्बल (Thimble)
✗ 2. रैचेट स्टॉप (Ratchet stop)
✗ 3. लॉक नट (Lock nut)
✓ 4. मापन फलक (Measuring faces)

Q.143 क्रैंक पिन और वेब के जंक्शन पर फिलेट्स क्यों उपलब्ध कराए जाते हैं?

Ans ✗ 1. दहन दक्षता का वर्धन करने के लिए
✗ 2. रेचन रव में कमी करने के लिए
✗ 3. ईंधन कणीकरण में सुधार करने के लिए
✓ 4. प्रतिबल संकेंद्रण कम करने के लिए

Q.144 एक वैद्युत मशीन में, स्टेटर (stator) और रोटर (rotor) के चुंबकीय क्षेत्रों के बीच अन्योन्यक्रिया से क्या उत्पन्न होता है?

Ans ✗ 1. ऊष्मीय रोधन
✓ 2. यांत्रिक बलाघूर्ण
✗ 3. प्रकाशिक ऊर्जा
✗ 4. विद्युत रासायनिक क्रिया

Q.145 एक इंजन, जिसमें द्वि-भाग यांत्रिक ईंधन पंप की बनावट है, रुक-रुक कर ईंधन की आपूर्ति (intermittent fuel supply) की समस्या से जूझ रहा है। निरीक्षण के दौरान, तकनीशियन यह पाता है कि सभी बाहरी कनेक्शन सुरक्षित हैं और माउंटिंग बोल्ट कसकर कसे हुए हैं। समस्या के मूल कारण की पहचान करने के लिए, तकनीशियन को आगे किस भाग की जांच करनी चाहिए?

Ans ✗ 1. तकनीशियन को रिसाव के लिए पंप के बहिर्भाग का निरीक्षण करना चाहिए।
✗ 2. तकनीशियन को टैंक में ईंधन की गुणवत्ता की जांच करनी चाहिए।
✗ 3. तकनीशियन को पंप के विद्युत कनेक्शन की जांच करनी चाहिए।
✓ 4. तकनीशियन को आंतरिक रॉकर कैम कनेक्शन का निरीक्षण करना चाहिए।

Q.146 डीजल इंजन में गलत श्यानता वाले तेल का उपयोग, इंजन के तेल के निम्न दाब में क्यों योगदान देता है?

Ans ✗ 1. उच्च श्यानता वाला तेल, तेल के प्रवाह को बाधित करता है और दाब में वृद्धि करता है
✗ 2. तेल सम्प के अधिभरण से तेल के दाब में वृद्धि हो जाती है
✗ 3. तेल सम्प के अवभरण से तेल के दाब में वृद्धि हो जाती है
✓ 4. निम्न श्यानता वाला तेल बहुत आसानी से प्रवाहित होता है और दाब कम करता है

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.147 कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में वृद्धि से सबसे अधिक निकटता से जुड़ी पर्यावरणीय समस्या कौन-सी है?

Ans
✓ 1. दीर्घ अवधियों में बढ़ता वैश्विक तापमान
✗ 2. भवनों पर अम्ल वर्षा का निर्माण
✗ 3. कृषि क्षेत्रों में मृदा अपरदन
✗ 4. ऊपरी आकाश में ओजोन परत का पतला होना

Q.148 ऐसे परिदृश्य में जहां कई उपाय संभव हों, सभी मानक प्रक्रियाओं के विफल होने के बाद किसी मैकेनिक को इंजन के दीर्घस्थायी रव का समाधान किस प्रकार से करना चाहिए?

Ans
✗ 1. विनिर्माता की अनुशंसाओं के अनुसार वाल्व क्लीयरेंस को समायोजित करना
✗ 2. सही तेल का उपयोग करके पिस्टन रिंग का स्नेहन करना
✗ 3. उच्च गुणवत्ता वाले प्रकार के वायु फिल्टर को बदलना
✓ 4. इंजन को व्यापक रूप से खोलना और उसका निरीक्षण करना

Q.149 कर्तन टूल का विनिर्माण करते समय, प्रचालन के दौरान निघर्षण और खरोंचन (scratching) का प्रतिरोध करने हेतु सामग्री के लिए कौन-सा यांत्रिक गुणधर्म सबसे महत्वपूर्ण है?

Ans
✓ 1. कठोरता
✗ 2. चर्मलता
✗ 3. प्रत्यास्थता
✗ 4. तन्यता

Q.150 प्रत्यावर्तित्र (alternator) में घिसे हुए या जाम हुए ब्रश के कारण आवेशन प्रणाली (charging system) में कौन-सी समस्या उत्पन्न हो सकती है?

Ans
✗ 1. प्रत्यावर्तित्र रव
✗ 2. अति-आवेशन की स्थिति
✗ 3. निम्न आउटपुट
✓ 4. कोई आवेशन न होने की स्थिति

Q.151 जहाज के रिडक्शन गियरबॉक्स में प्रायः किस प्रकार के गियर का सर्वाधिक उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. बेवेल गियर
✓ 2. डबल हेलिकल गियर
✗ 3. वर्म गियर
✗ 4. स्पर गियर

Q.152 एक मैकेनिक, मध्यम चाल पर स्थिर ड्राइविंग के दौरान देखता है कि गियर शिफ्ट इंडिकेटर, उच्च गियर लगाने (upshift) का संकेत दे रहा है। इस परिदृश्य में गियर शिफ्ट इंडिकेटर की अनुशंसा का अनुसरण करना क्यों लाभकारी है?

Ans
✗ 1. गियर शिफ्ट इंडिकेटर की अनुशंसा का अनुसरण करने से तेजी से त्वरण बढ़ता है और यात्रा का समय कम हो जाता है।
✗ 2. गियर शिफ्ट इंडिकेटर की अनुशंसा का अनुसरण करने से इंजन की उच्च चाल बनी रहती है और रेचन उत्सर्जन में वृद्धि होती है।
✗ 3. गियर शिफ्ट इंडिकेटर की अनुशंसा का अनुसरण करने से ट्रांसमिशन का तापमान बढ़ जाता है और ड्राइवर का आराम कम हो जाता है।
✓ 4. गियर शिफ्ट इंडिकेटर की अनुशंसा का अनुसरण करने से अनावश्यक इंजन लोड कम हो जाता है और ईंधन दक्षता में सुधार होता है।

Q.153 बड़ा कंपास, वृत्त बनाने के अलावा ________________ के लिए भी प्रयुक्त किया जाता है।

Ans
✗ 1. तापमान मापन
✓ 2. बड़े मापन लेने
✗ 3. ड्राइंग को प्रिंट करने
✗ 4. शीटों को काटने

Q.154 यदि एक सुपरचार्जर को गियर और शैफ्ट के माध्यम से सीधे इंजन द्वारा चलाया जाता है, तो उच्च चाल पर इंजन के संचालन की स्थिति में क्या होगा?

Ans
✗ 1. यह संपीड़ित इनटेक-चार्ज के प्रवाह को रोकता है।
✗ 2. यह इनटेक-चार्ज के प्रवाह को अपरिवर्तित रखता है।
✓ 3. यह संपीड़ित इनटेक-चार्ज के प्रवाह को बढ़ा देता है।
✗ 4. यह संपीड़ित इनटेक-चार्ज के प्रवाह को कम कर देता है।

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.155 निम्नलिखित में से कौन-सा इंजन प्रकार, बारंबार चाल परिवर्तन और शीघ्र त्वरण की आवश्यकता वाले वाहनों के लिए अधिक उपयुक्त होता है?

Ans
✗ 1. बाह्य दहन इंजन (External combustion engine)
✓ 2. आंतरिक दहन इंजन (Internal combustion engine)
✗ 3. भाप इंजन (Steam engine)
✗ 4. स्टर्लिंग इंजन (Stirling engine)

Q.156 निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया, कठोरीकृत इस्पात शैफ्ट पर उच्च गुणवत्ता वाले पृष्ठीय परिसज्जा प्राप्त करने में एक सिंलिडरी लैप के उपयोग का सर्वोत्तम वर्णन करती है?

Ans
✗ 1. कंपाउंड अनुप्रयुक्त करना लेकिन लैप को नहीं घुमाना
✓ 2. अपघर्षी कंपाउंड को समान रूप से प्रयुक्त करके लैप को घुमाना
✗ 3. अपघर्षक कंपाउंड अनुप्रयुक्त किए बिना लैप का उपयोग करना
✗ 4. बिना किसी कंपाउंड के लैप को मैन्युअल रूप से रगड़ना

Q.157 भारत में डीजल इंजन वाले वाहनों के लिए भारत स्टेज मानकों को समय-समय पर अपडेट क्यों किया जाता है?

Ans
✗ 1. इन्हें पुराने डीजल इंजन डिजाइनों को बनाए रखने और उन्हें कार्यात्मक बनाए रखने के लिए अपडेट किया जाता है
✗ 2. इन्हें ईंधन दक्षता में सुधार करने और अनुरक्षण लागत में कमी करने के लिए अपडेट किया जाता है
✓ 3. इन्हें प्रदूषण कम करने और वैश्विक उत्सर्जन आवश्यकताओं से मेल खाने के लिए अपडेट किया जाता है
✗ 4. इन्हें भारत में वाहनों की बिक्री और क्रय क्षमता में वृद्धि करने के लिए अपडेट किया जाता है

Q.158 निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता स्क्राइबर (scriber) को धातु की सतहों पर अंकन के लिए उपयुक्त बनाती है?

Ans
✗ 1. चौड़ी सपाट ब्लेड (Wide flat blade)
✗ 2. लचीली रबड़ ग्रिप (Flexible rubber grip)
✓ 3. कठोर नुकीला टिप (Hard pointed tip)
✗ 4. अंशांकित मापन स्केल (Graduated measuring scale)

Q.159 कंपन के द्वारा शिथिलन के कारण, उच्च गति वाले इंजनों में किस पिस्टन पिन लॉकिंग सिस्टम को प्राय: प्राथमिकता नहीं दी जाती है?

Ans
✗ 1. सर्क्लिप लॉकिंग (Circlip locking)
✓ 2. सेट स्क्रू लॉकिंग (Set screw locking)
✗ 3. एंड पैड लॉकिंग (End pad locking)
✗ 4. वायर लॉक लॉकिंग (Wire lock locking)

Q.160 जब किसी ताप-विद्युत् युग्म के दो जंक्शन __________ पर होते हैं, तो वह ताप-वैद्युत वोल्टता उत्पन्न करता है।

Ans
✗ 1. शून्य दाब
✗ 2. समान ताप
✗ 3. समान प्रतिरोध
✓ 4. भिन्न ताप

Q.161 निम्नलिखित में से कौन-सा, ऑटोमोबाइल में वातिल प्रणालियों (pneumatic systems) का एक सामान्य अनुप्रयोग है?

Ans
✗ 1. कारों में इंजन को स्टार्ट करना
✓ 2. भारी वाहनों के ब्रेक का प्रचालन
✗ 3. कारों में हेडलाइट्स को पावर देना
✗ 4. कारों में ईंधन पंप चलाना

Q.162 एक मैकेनिक देखता है कि कार्य करते समय उपकरण पैनल पर इंजन तापमान सूचक लाल क्षेत्र (red zone) में पहुँच गया है। शीतलन प्रणाली के संदर्भ में यह उपकरण मुख्य रूप से क्या इंगित करता है?

Ans
✗ 1. यह उपकरण पैनल पर इंजन RPM को प्रदर्शित करता है।
✗ 2. यह केवल ईंधन टैंक में ईंधन स्तर को दर्शाता है।
✗ 3. यह इंजन ब्लॉक में तेल के दाब को मापता है।
✓ 4. यह इंजन वॉटर जैकेट में पानी के तापमान को इंगित करता है।

Blackbook
Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.163 एक वरिष्ठ तकनीशियन यह व्याख्या करता है कि पुनर्प्राप्ति प्रणाली (recovery system) की डिजाइन, निष्कासित शीतलक (expelled coolant) के नष्ट होने के बजाय वापस रेडिएटर में लौटने में सक्षम बनाती है। इससे समग्र शीतलन प्रणाली के निष्पादन को क्या लाभ होता है?

Ans
✓ 1. यह प्रणाली के आयतन को बनाए रखती है और अधितापन या वायु के प्रवेश के जोखिम को कम करती है
✗ 2. यह शीतलक प्रवाह दर को बढ़ाता है और इंजन के निष्पादन में सुधार करता है
✗ 3. यह इंजन के रव को निम्न करता है और यांत्रिक कंपन को कम करता है
✗ 4. यह ईंधन दक्षता में सुधार करता है और रेचन उत्सर्जन को कम करता है

Q.164 समस्या-निवारण के दौरान, एक मैकेनिक को लंबे समय तक ऑयल फिल्टर न बदलने के कारण एक डीजल इंजन में समयपूर्व बेयरिंग निघर्षण मिलता है। यह स्थिति फिल्टर के कार्य के बारे में क्या दर्शाती है?

Ans
✗ 1. इसका उपयोग तेल में प्रचालन रव को कम करने के लिए किया जाता है
✗ 2. यह केवल तेल प्रवाह की दिशा बदलने के लिए आवश्यक है
✗ 3. यह हमेशा तेल के कुल आयतन को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है
✓ 4. यह तेल से अपघर्षक कणों को हटाने के लिए महत्वपूर्ण है

Q.165 डीजल इंजन बेयरिंग सामग्री में उच्च लोड सहन करने के लिए कौन-सा गुण होना चाहिए?

Ans
✗ 1. निम्न तापीय चालकता
✗ 2. निम्न गलनांक
✓ 3. उच्च श्रांति सामर्थ्य
✗ 4. उच्च सरंध्रता

Q.166 यदि किसी इंजन को विस्तारित अवधि के लिए आनत स्थिति में संचालित किया जाता है, तो कौन-सी स्नेहन प्रणाली, सभी भागों को तेल की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करेगी?

Ans
✗ 1. तेल फुहार स्नेहन प्रणाली (Oil mist lubrication system)
✓ 2. शुष्क निर्गत स्नेहन प्रणाली (Dry sump lubrication system)
✗ 3. आस्फालन स्नेहन प्रणाली (Splash lubrication system)
✗ 4. क्लेदित निर्गत स्नेहन प्रणाली (Wet sump lubrication system)

Q.167 ऑटो वर्कशॉप में व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा एक महत्वपूर्ण कदम है?

Ans
✓ 1. सुरक्षात्मक दस्ताने और चश्मे पहनना
✗ 2. विद्युत उपकरणों के समीप गीले हाथों से कार्य करना
✗ 3. वर्कशॉप के फर्श पर औजारों को बिखेर कर रखना
✗ 4. वर्कशॉप में चेतावनी संकेतों की उपेक्षा करना

Q.168 वाल्व सीट निविष्टि (Valve seat inserts) सामान्यतः किस प्रकार की सामग्री से बनाए जाते हैं?

Ans
✗ 1. ऐलुमिनियम मिश्रधातु बेस
✗ 2. लेड-टिन मिश्रधातु
✗ 3. कॉपर और टिन का मिश्रण
✓ 4. उच्च-सामर्थ्य युक्त मिश्रधातु इस्पात

Q.169 श्रेणी परिपथ में, सभी अवयव (Components) किस प्रकार संयोजित होते हैं?

Ans
✗ 1. स्वतंत्र वोल्टता पाश
✗ 2. पृथक शाखाएं
✗ 3. केवल समानांतर पथ
✓ 4. एकल धारा पथ

Q.170 यदि डीज़ल इंजन में तेल वापसी के मार्ग अवरुद्ध हो जाएं और पिस्टन रिंग पुरानी हो जाएं और घिस जाएं, तो संभावित परिणाम क्या होगा?

Ans
✗ 1. अतितप्त प्रवर्तक मोटर
✗ 2. मंद बैटरी चार्जिंग
✗ 3. ईंधन के दाब में कमी
✓ 4. अत्यधिक तेल खपत

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.171 कौन-सा पुर्जा, इंजन वाल्व खोलने के लिए कैमशैफ्ट लोब के साथ प्रत्यक्ष अंतः क्रिया करता है?

Ans
✗ 1. क्रैंकशैफ्ट मेन जर्नल (crankshaft main journal)
✗ 2. फ्लाईव्हील रिंग गियर (flywheel ring gear)
✓ 3. वाल्व लिफ्टर या फॉलोवर (valve lifter or follower)
✗ 4. पिस्टन रिंग असेंबली (piston ring assembly)

Q.172 डीज़ल इंजन की सर्विसिंग करते समय, एक तकनीशियन यह नोट करता है कि एक्सट्रैक्टर मैनिफोल्ड (extractor manifold) एक विशिष्ट गैस वेग को बनाए रखने में सहायता करता है। एक्सट्रैक्टर की कौन-सी डिज़ाइन विशेषता इस कार्य में मुख्य रूप से सहायक होती है?

Ans
✓ 1. प्रवाह के लिए सही ट्यूब व्यास का चयन करना
✗ 2. इग्निशन स्पार्क के समय को संशोधित करना
✗ 3. प्रयुक्त इंजन पिस्टन के साइज को समायोजित करना
✗ 4. इंजन में आपूर्ति किए जाने वाले ईंधन के प्रकार को बदलना

Q.173 एक रख-रखाव पर्यवेक्षक (maintenance supervisor) इंजन शीतलन प्रणालियों पर रेडिएटर कैप के दाब के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए एक परीक्षण की रूपरेखा तैयार कर रहा है। वह तीन एकसमान इंजनों का उपयोग करता है, लेकिन प्रत्येक में क्रमशः 0.7 bar, 1.0 bar, और 1.3 bar निर्धारित दाब क्षमता वाली रेडिएटर कैप लगाता है। कौन-सी प्रणाली, शीतलक को उबलने से पहले उच्चतम तापमान तक पहुँचने देगी?

Ans
✓ 1. 1.3 bar रेडिएटर कैप वाली स्थापित प्रणाली
✗ 2. 1.0 bar रेडिएटर कैप वाली स्थापित प्रणाली
✗ 3. 0.7 bar रेडिएटर कैप वाली स्थापित प्रणाली
✗ 4. सभी प्रणालियां समान तापमान पर उबलेंगी

Q.174 समुद्री इंजनों में सुपरचार्जर का उपयोग करने का मुख्य लाभ क्या है?

Ans
✓ 1. ऊष्मीय दक्षता में वृद्धि करता है
✗ 2. इंजन के आकार में वृद्धि करता है
✗ 3. वायु संपीडन को कम करता है
✗ 4. इंजन दक्षता को कम करता है

Q.175 यदि डीजल इंजन में अंतर्ग्रहण वाल्व (intake valve) बहुत छोटा है, तो क्या होगा?

Ans
✓ 1. सिलेंडर में कम हवा प्रवेश करेगी
✗ 2. रेचन गैसें बढ़ जाएंगी
✗ 3. इंजन में अधिक ईंधन प्रवाहित होगा
✗ 4. इंजन जल्दी ठंडा हो जाएगा

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play